हीरो एंटरप्राइज का माइंडमाइन समिट का 11वां संस्करण 20-21 अप्रैल को

नई दिल्ली। हीरो एंटरप्राइजेज द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र थिंक टैंक माइंडमाइन इंस्टीट्यूट ने वर्ष 2017 के लिए थॉट लीडरशिप कार्यक्रम की शुरुआत की है। एक प्रेरक माइंडमाइन परिचर्चा सत्र का आयोजन 31 मार्च को वित्तीय राजधानी में ताज लैंड्स में किया गया क्योंकि इस संस्थान का दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम माइंडमाइन समिट राजधानी में 20 और 21 अप्रैल को आयोजित किया जाना है। हीरो समूह के इस वार्षिक आयोजन माइंडमाइन समिट के 11वें संस्करण में सरकार में वरिष्ठ मंत्री, उद्योगपति और विभिन्न क्षेत्रों से विचारक अपने विचारों का आदान प्रदान करेंगे। माइंडमाइन लीडरशिप कार्यक्रम के माध्यम से उच्च स्तरीय वार्ताओं की श्रृंखलाओं का आयोजन करता है। राजधानी में 20 और 21 अप्रैल को आयोजित किए जाने वाले इस साल के समिट का विषय है अवरोध-भारत के लिए नई सामान्य चीज। दो दिवसीय इस सम्मेलन में विविध पैनलों में शामिल लोग परिचर्चा, आमने-सामने बैठकर विचारों का आदान प्रदान और विभिन्न मुद्दों जैसे अवरोध के उपरांत 2017 की शुरुआत से भारत की सफलता के लिए रोडमैप और वृद्धि पर बहस के जरिए उभरते राजनीतिक, कारोबारी और सामाजिक परिदृश्य का आकलन करेंगे। इस सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित बीएमएल मुंजाल अवार्ड्स फॉर बिजनेस एक्सिलेंस लर्निंग एंड डेवलपमेंट की भी घोषणा की जाएगी।